JSW Energy
Lighting up a billion dreams

गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यावसायिक स्वास्थ्य व सुरक्षा और ऊर्जा हेतु समग्र प्रबंधन नीति

जे एस डब्लू एनर्जी अपनी कार्यकुशल एवं प्रभावी प्रक्रियाओं द्वारा निर्बाधित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने, प्रदूषण रोकने, स्वस्थ एवं सुरक्षित कार्य - वातावरण उपलब्ध करवाने और सभी साझेदारों के हित हेतु अपनी सभी गतिविधियां एवं परिचालन विश्वसनीयता और ज़िम्मेदारी के साथ संचालित करने के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है।

हमारा समग्र प्रबंधन तंत्र निरंतर सुधार के सिद्धांत पर आधारित है, जो जे एस डब्लू समूह की गुणवत्ता व कार्यकुशलता की वैश्विक पहचान को समृद्ध करते हुए प्रकृति व समाज का पोषण करता है। इस तरह हम न सिर्फ हमारे साझेदारों की आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं की पूर्ति करते हैं अपितु अनुपालक दायित्वों से भी आगे बढ़ कर अंततः स्थायी-निरंतरता की दिशा में कदम बढ़ाते हैं।

भारत के विकास के लक्ष्य की प्राप्ति की दिशा में हमें निम्न वर्णित तीव्र एवं नवाचार प्रक्रियाओं द्वारा बल मिलता हैं:

- सुरक्षा, पर्यावरण अनुकूलता व ऊर्जा दक्षता एवं आर्थिक रूप से सर्वश्रेष्ठ तकनीक का समावेशन
- सर्वश्रेष्ठ व्यवसाय-व्यवहार की पहचान व चुनाव कर, संसाधनों का सर्वोत्तम उपयोग करना और पर्यावरण-क्षति को न्यूनतम करना
- प्राकृतिक पूँजी के संवर्धन एवं सम्बंधित पारिस्थितिकी कार्यो के लिए सतत प्रयत्नशीलता
- गुणवत्ता, पर्यावरण, व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा और ऊर्जा क्षमता संवर्धन हेतु, सभी कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदारों एवं हितधारकों के साथ सामूहिक प्रयास करना और उनकी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सभी कार्य श्रृंखलाओं में सुधारात्मक प्रयास जारी रखना
- उच्च प्रबंधन के नेतृत्व में सुरक्षात्मक वातावरण का विकास करना और व्यासायिक नीतियों, निर्णयों एवं प्रयासों में स्थिरता के विभिन्न सिद्धांतों को एकीकृत करना
- संगठन की नीतियों, प्रक्रियाओं और व्यवसाय-व्यवहार की निगरानी, समीक्षा एवं मूल्यांकन करना तथा व्यापार के संचालक शक्ति की जरूरतों को अभिभाषित कर उन्हें सामयिक बनाना
- अच्छे प्रबंधन और व्यवसाय-व्यवहार के सिद्धांत को अपनाना और समग्र प्रदर्शन के बारे में किसी भी आंतरिक या बाह्य परीक्षण, समीक्षा एवं मूल्यांकन के लिए पारदर्शिता रखना

गि. ज. देशपांडे

दिनांक: 04 नवंबर, 2016

गिरीश देशपांडे
निदेशक (तकनीकी)